>

Title: Need to prohibit the use of the term "Kabootarbaazi" as a slang for abuse of official facilities by the media - Laid.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : महोदय, कुछ सांसदों द्वारा उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का कथित तौर पर दुरूपयोग किये जाने पर मीडिया ने इसे कबूरतबाजी नाम दिया है। आम भाषा में कबूतर पालने वाले व्यक्तियों द्वारा कबूतरों को पाल कर, सधा कर उड़ाने वाले कार्य को कबूतरबाजी कहा जाता है। हाल ही में, इलाहाबाद में आयोजित एक समारोह में इन कबूतरबाजों ने मुझसे एक विशेष अनुरोध किया कि उनकी हॉबी जो कबूतरबाजी के नाम से प्रसिद्ध है, उनसे यह नाम छीना न जाये और कतिपय सांसदों के कथित दुरूपयोग को कबूतरबाजी की संज्ञा देकर उनकी हॉबी को बदनाम न किया जाये।

अतः आपके माध्यम से मंत्रियों, अधिकारियों और कर्मचारियों से तथा साथ ही मीडिया के लोगों से मेरा विनम्र निवेदन है कि कबूतरबाजी शब्द का दुरूपयोग न करें। इस शब्द को सीधे तथा आम भाषा के अर्थ के लिए ही प्रयोग करें।